संसदीय समिति को इस विषय पर गंभीरता से सोचना होगा कि कम से कम उन धाराओं की संख्या न बदली जाए, जो जनमानस के दिमाग में बैठ चुकी हैं। देश में करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं और सामान्यतः मुकदमे पांच साल से लेकर 40 साल तक चलते हैं। ऐसी हालत में पुराने मुकदमों में आइपीसी की ही धारा लगेगी और नए मुकदमों में नई संहिता की धारा लगेगी। अगर हम सुनिश्चित कर सकें कि खास-खास धाराओं की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हो तो अगले कई दशकों तक जो संशय होगा, उससे बच सकेंगे। नए कानूनों से ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो और क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम को समस्या आ सकती है। पुराने मुकदमों को हमें पुरानी धाराओं के अंतर्गत दिखाना पड़ेगा और नए मुकदमों में उन्हीं अपराधों को नई धाराओं में दिखाना पड़ेगा। इन संस्थाओं को नया साफ्टवेयर बनाना पड़ेगा, जिसमें कम से कम एक साल तो लग ही जाएगा। तब तक अपराधों का कोई तुलनात्मक अध्ययन करने में मुश्किल आएगी।

सरकार तीन बड़े कानून तो बदलने जा रही है, परंतु यह समझ नहीं आता कि उसने अभी तक 'माडल पुलिस एक्ट' क्यों नहीं पारित किया? इसका प्रारूप सोली सोराबजी ने 2006 में ही बना दिया था। 17 साल हो गए, परंतु यह अभी तक लंबित ही है। केंद्र और राज्य सरकारें जब तक पुलिस सुधारों के प्रति गंभीर नहीं होंगी, तब तक केवल कानून बदलने से वांछित परिवर्तन नहीं होगा। कानूनों में परिवर्तन और सुधार जितना आवश्यक है, उतना ही आवश्यक कानून के रखवालों में सुधार लाना। गृह मंत्रालय ने जो पहल की है, वह प्रशंसनीय है, परंतु उसे अंजाम तक ले जाने में यदि अनावश्यक जल्दबाजी की गई तो अर्थ का अनर्थ हो सकता है। तीनों नए प्रस्तावित कानून जिस रूप में हमारे सामने हैं, उनके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीर चिंतन एवं व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

---

***Date:27-10-23***

# संसदीय मर्यादा का अतिक्रमण

**अवधेश कुमार, ( लेखक राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े मामले से 18 वर्ष पूर्व की स्मृतियां फिर ताजी हो गईं हैं। 27 दिसंबर, 2005 को धन लेकर संसद में प्रश्न पूछने के आरोप में लोकसभा के 10 तथा राज्यसभा के एक सांसद को बर्खास्त कर दिया गया था। इनमें भाजपा के छह, बसपा के तीन तथा कांग्रेस और राजद के एक-एक सांसद शामिल थे। महुआ मोइत्रा के साथ क्या फिर इतिहास की पुनरावृत्ति होगी? इसका उत्तर अभी भविष्य के गर्त में है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के आरोप के बाद मामले को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आचार संहिता समिति को सौंप दिया है तथा सीबीआइ भी

इसकी जांच कर रही है। तृणमूल कांग्रेस ने इस मामले से स्वयं को अभी तक अलग रखा है। आमतौर पर आक्रामक रहने वाली पार्टी यदि सार्वजनिक रूप से महुआ मोइत्रा का साथ देने और कुछ स्टैंड लेने से बच रही है तो इसका अर्थ आम लोग अपने अनुसार निकालेंगे। वर्ष 2005 में सांसदों पर आरोप लगने के 11 दिनों के भीतर निर्णय हो गया था। तब एक टीवी चैनल ने स्टिंग आपरेशन किया था, जिनमें सांसदों द्वारा पैसे लेकर प्रश्न पूछने के लिए तैयार होने का संदेश आ रहा था। हालांकि सांसदों ने प्रश्न पूछे नहीं था और न पैसे लेते दिखे थे। संसद के दोनों सदनों ने इसके लिए एक-एक समिति गठित की और उनकी अनुशंसा के आधार पर आरोपित सांसदों की सदस्यता खत्म कर दी गई। यानी स्टिंग आपरेशन को सच मान लिया गया। सांसदों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, किंतु तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने कहा कि संसद फैसला करने के लिए स्वतंत्र है और न्यायालय हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

महुआ मोइत्रा के मामले में यह सामने आया है कि अदाणी समूह पर आरोप लगाने के लिए उन्होंने उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी हीरानंदानी समूह का उपयोग किया। एक सांसद द्वारा किसी कारपोरेट समूह को संसद की अपनी ईमेल आइडी और पासवर्ड देना सामान्यतः हतप्रभ करता है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइटी) ने पुष्टि की है कि महुआ मोइत्रा की संसद की ईमेल आइडी दुबई से इस्तेमाल हो रही थी। हीरानंदानी समूह के मालिक दर्शन हीरानंदानी ने भी आचार संहिता समिति को सौंपे शपथपत्र में कहा है कि अदाणी पर निशाना साधने के लिए उन्होंने महुआ मोइत्रा की ईमेल आइडी का उपयोग किया था। उन्होंने ऐसे प्रश्न तैयार किए, जिन्हें वह संसद में उठा सकती थीं। इन प्रश्नों में मोदी सरकार द्वारा अदाणी समूह को अवांछित सहयोग करने का संदेश निकलता, जिससे सरकार को शर्मिंदा करने और अदाणी समूह को निशाना बनाने में मदद मिलती। दर्शन हीरानंदानी के हलफनामे के बाद मामला गंभीर हो जाता है। क्या इसे एक सांसद के आचरण के अनुरूप माना जा सकता है, जो संविधान और गरिमा की शपथ लेता है? जिस ढंग से अदाणी को आधार बनाकर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करने का अभियान चला और विदेशी शक्तियां भी उसमें शामिल हुईं, उसके बाद सरकार निश्चित रूप से इसकी तह तक जाना चाहेगी। अभी तक जो तथ्य सामने आए हैं, वे इस ओर संकेत करते हैं कि महुआ मोइत्रा राजनीतिक रूप से मोदी सरकार को घेरना चाहती थीं और प्रधानमंत्री को सत्ता का दुरुपयोग करते हुए अदाणी समूह को अवांछित लाभ पहुंचाने वाला साबित करना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने हीरानंदानी समूह का उपयोग किया। पहले महुआ मोइत्रा हीरानंदानी समूह के पास पहुंचीं या हीरानंदानी समूह महुआ मोइत्रा के पास, यह जांच से ही स्पष्ट हो जाएगा। किसी सांसद के पास आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहा कोई कारपोरेट समूह पहुंचे, तब भी उसे सांसद होने के दायित्व का ध्यान रखना होता है। पूंजीपति, कारपोरेट अपने अनुसार सत्ता का उपयोग-दुरुपयोग करने की कोशिश करते हैं और एक सांसद, मंत्री या नौकरशाह की पहचान इसी में है कि वह देशहित को प्रमुखता दे। पहली दृष्टि में महुआ मोइत्रा का सांसद के रूप में आचरण इन कसौटियों पर खरा नहीं उतरता। शपथपत्र में दर्शन हीरानंदानी ने यह भी आरोप लगाया है कि महुआ मोइत्रा उनसे महंगे सामानों की मांग करने के लिए दबाव डालती थीं। एक समय महुआ मोइत्रा के निकटतम मित्र रहे अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने भी आरोप लगाया है कि लोकसभा में उन्होंने लगभग 50 ऐसे प्रश्न पूछे, जो दर्शन हीरानंदानी के व्यावसायिक एवं निजी हित से संबंधित थे। महुआ ने 2019 में निर्वाचित होने के बाद कुल 62 प्रश्न पूछे हैं। यह देखना होगा कि इनमें कितने अदाणी और हीरानंदानी समूह से संबंधित थे।

महुआ मोइत्रा जब से लोकसभा में आई हैं, तब से उन्होंने स्वयं को एक बड़ा लिबरल-सेक्युलर एवं मोदी सरकार के विरुद्ध संघर्ष करने वाली महिला की छवि बनाने की भरसक कोशिश की हैं। इसके लिए उन्होंने असंसदीय शब्दों तक का इस्तेमाल किया है। तृणमूल कांग्रेस बंगाल ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वयं को भाजपा, संघ, प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध सबसे मुखर पार्टी और अपनी नेता ममता बनर्जी को प्रमुख चेहरा बनाने की कोशिश कर रही है। ममता बनर्जी ने

संसद में ऐसी कई महिलाओं को भेजा, जो बंगाल में बुद्धिजीवी एवं कलाकार के तौर पर जानी जाती थीं। इस कारण उनके सांसदों को काम करने, बोलने आदि में थोड़ी ज्यादा स्वतंत्रता रही है। महुआ उन्हीं में से एक हैं, लेकिन उन पर लगे आरोपों की रक्षा करना आसान नहीं है। महुआ मोइत्रा के बारे में जो भी फैसला हो, आम लोगों में यह संदेश तो चला ही गया कि वर्तमान में कुछ ऐसे सांसद हैं, जो अपनी छवि चमकाने या राजनीतिक रूप से मोदी सरकार को लांछित करने के लिए संसदीय मर्यादाओं का किसी भी सीमा तक अतिक्रमण कर सकते हैं।

---

बिज़नेस स्टैंडर्ड

*Date:27-10-23*

# भारत में महिलाओं की कम

**संपादकीय**

भारत में महिलाओं की कम श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) को भारतीय समाज में व्याप्त पितृ सत्तात्मक सोच और भारतीय कारोबारी जगत के पूर्वग्रह का उदाहरण माना जाता है। यह बात हालिया सर्वेक्षणों पर भी लागू होती है जो इशारा करते हैं कि पुरुषों द्वारा परिवार पालने के लिए कमाना ही प्रतिमान है, वहीं महिलाओं पर घर के कामकाज का असंगत दबाव होता है और श्रम से होने वाली आय में से 82 फीसदी पर पुरुषों का कब्जा है। सलाहकार सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के हालिया विश्लेषण में ये सभी कारक नजर आए। कंपनी ने 2022-23 में 1,040 सूचीबद्ध कंपनियों में नौकरियों के रुझान का अध्ययन किया। इसके साथ ही अध्ययन ने सार्वजनिक शासन की एक अहम नाकामी की ओर भी संकेत किया जिसके तहत कामकाजी महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल नहीं बन पाया।

ईवाई इंडिया का अध्ययन दिखाता है कि भारत के कारोबारी जगत में जब हम साधारण लिपिकीय स्तर से कार्यकारी स्तर की ओर बढ़ते हैं तो इसके साथ ही विविधता में भी इजाफा होता है। अध्ययन में पाया गया कि प्रबंधकीय या प्रशासनिक स्तर के 70 लाख स्थायी कर्मचारियों में 23 फीसदी महिलाएं थीं। यह अपने आप में बहुत कम आंकड़ा है क्योंकि 2017-18 से उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन पुरुषों से अधिक है। इससे यह संकेत भी मिलता है कि अर्हता को महिलाओं को काम पर रखने के अवरोध के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। अनुमान के मुताबिक ही सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय सेवा जैसे अपेक्षाकृत नए ओर प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में ही पुरुषवाद कम नजर आया। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कर्मचारियों में 34 फीसदी महिलाएं थीं जबकि कामगारों में उनका प्रतिशत 42 था। वहीं वित्तीय सेवा क्षेत्र में यह आंकड़ा क्रमश: 23 और 28 फीसदी था। निचले दायरे के रोजगार की बात करें तो वहां तस्वीर ज्यादा खराब नजर आती है। यहां स्थायी कर्मचारियों में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 11 फीसदी थी। यह आंकड़ा भी केवल इसलिए इतना है क्योंकि टेक्सटाइल क्षेत्र के स्थायी कर्मचारियों में 42 फीसदी महिलाएं हैं।

यह दिखाता है कि मातृत्व लाभ, झूला घर, शौचालय और सुरक्षित परिवहन जैसे सहायक ढांचे का किस कदर अभाव है। ये ऐसा निवेश है जो छोटी और मझोली कंपनियां यानी भारतीय उद्यमी जगत की ज्यादातर कंपनियां नहीं करना चाहती हैं क्योंकि वे पहले ही बहुत कम मार्जिन पर कारोबार करती हैं। यह संभव है कि अगर ज्यादातर गैरसूचीबद्ध

इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को ध्यान में रखा जाए तो महिलाओं की तादाद में काफी इजाफा हो जाएगा। टेक्सटाइल्स की तरह यहां भी महिलाओं को काम पर रखने का झुकाव अधिक है क्योंकि इस कारोबार में भी असेंबली का काम अधिक होता है और महिलाओं को इसके अनुकूल माना जाता है। परंतु इंजीनियरिंग क्षेत्र की बड़ी कंपनियां जो महिलाओं के अनुकूल निवेश कर सकती हैं, उन्होंने भी इसमें ढिलाई बरती। परंतु ईएसजी यानी पर्यावरण, समाज और संचालन को लेकर तैयार नई अवधारणा के जोर पकड़ने के बाद कई कंपनियों ने महिलाओं की नियुक्ति बढ़ाने का इरादा जताया है।

परंतु ढांचागत परिचालन संबंधी कमजोरी जो महिलाओं की नियुक्ति की राह में बाधा बनती है, उसमें इजाफे की एक वजह यह भी है कि भारत महिलाओं के लिए सुरक्षित जगह नहीं है। कंपनियां सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली या कानून प्रवर्तन के भरोसे नहीं रह सकती हैं। बच्चों की देखभाल की गुणवत्तापूर्ण नीतियों की तो बात ही छोड़ दें। इन कमियों की बदौलत कंपनियों का क्षतिपूर्ति व्यय बढ़ता है और महिलाओं को नियुक्ति देने की लागत में इजाफा होता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि दक्षिण पूर्व एशिया के अधिकांश देशों में एलएफपीआर भारत की तुलना में बेहतर है। वियतनाम में यह 60 फीसदी से अधिक है। ये तमाम देश महिलाओं को सार्वजनिक अधोसंरचना पर भरोसा करने को प्रेरित करते हैं जिनके भरोसे वे काम करने जा सकती हैं। उन्हें इसके सामाजिक-आर्थिक लाभ भी मिल रहे हैं। भारत भी वहां पहुंच सकता है, बशर्ते राजनीतिक बहस जाति और धर्म से परे हटकर महिला-पुरुष समता जैसे अधिक व्यावहारिक विषय पर केंद्रित हो।

---

जनसत्ता

Date:27-10-23

# खतरे की चेतावनी

**संपादकीय**

भूजल के अतार्किक दोहन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर समय रहते रोक लगाने के सुझाव भी दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है या जो कदम उठाए भी गए वे कारगर साबित नहीं हो पाए हैं। इसी का परिणाम है कि अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर तेजी से घटा और खतरनाक बिंदु के पार पहुंच गया है। सिंधु और गंगा के इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु को पार कर चुका है। अब संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यह क्षेत्र देश के खाद्यान्न का बड़ा हिस्सा पैदा करता है। इसमें हरियाणा और पंजाब धान और गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन करते हैं। जाहिर है, इन इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु से नीचे चला जाएगा, तो खाद्यान्न उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय- पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित 'अंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रिपोर्ट

2023' में कहा गया है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और विकट होने की आशंका है।

हालांकि नलकूपों के जरिए भूजल के दोहन पर लगाम लगाने के लिए कई जगहों पर कुछ सख्त कदम भी उठाए गए हैं। खासकर पंजाब और हरियाणा में सरकारें किसानों से लगातार अपील करती रही हैं कि वे मौसम से पहले धान की खेती न करें, भूजल का दोहन कम करें। इसके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया। मगर जब उसका असर नजर नहीं आया तो समय से पहले धान की खेती न करने वाले यानी भूजल का दोहन रोकने में मदद करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की गई। हालांकि जिस तरह इन इलाकों में भूजल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है, उसमें ये कदम बहुत प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सत्तर फीसद भूजल का इस्तेमाल खेती के लिए किया जाता है। ऐसे में खेती-किसानी के तरीके बदलने पर भी जोर दिया जाता रहा है, जिसमें सिंचाई के लिए कम पानी की खपत हो सके। जीन प्रसंस्कृत बीजों वाली फसलों को अधिक पानी की जरूरत होती है, इसलिए अब जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मगर अधिक उत्पादन के लोभ में किसान जीन प्रसंस्कृत बीजों का मोह त्याग नहीं पा रहे।

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं। इस तरह जमीन से जितना पानी खींचा जा रहा है, उतना नीचे नहीं पहुंचाया जा पा रहा। भूजल का स्तर जोखिम वाले बिंदु के नीचे पहुंच रहा है। हालांकि खेती के अलावा भी बहुत सारी औद्योगिक इकाइयों में भूजल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। उन पर भी काबू करने की मांग उठती रही है। दरअसल, सूखे के समय भूजल बहुत उपयोगी संसाधन साबित होता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखे के बढ़ते संकट में भूजल के स्तर को बचाने की जरूरत ज्यादा महसूस की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर एक बार फिर सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे भूजल के अतार्किक दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी उपाय निकालें।

---

***Date:27-10-23***

# भुखमरी का समाजशास्त्र

**ज्योति सिडाना**



मनुष्य को जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है, जिसमें से पहली और सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता रोटी, यानी भोजन है। स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए पौष्टिक भोजन की आवश्यकता होती है। सब जानते हैं कि किसी भी राज्य का दायित्व अपने नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाना होता है, ताकि वे एक सभ्य जीवन जी सकें। कृषि उत्पादन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर माना जाता है, यहां प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने के बावजूद लाखों बच्चे और महिलाएं भूख से पीड़ित और असमय काल का ग्रास बनने को बाध्य हैं। हाल ही में जारी वैश्विक भूख सूचकांक-2023 की रिपोर्ट में 125 देशों की सूची में भारत एक सौ ग्यारहवें स्थान पर आया है। रिपोर्ट के अनुसार यह पिछले साल की तुलना में चार स्थान नीचे गिरा है, जबकि भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति भारत से कहीं बेहतर है।

यह बात और है कि पहले के वर्षों की तरह इस बार भी भूख सूचकांक रिपोर्ट को केंद्र सरकार ने स्वीकार नहीं किया। उसका तर्क है कि जिन चार मापदंडों, जैसे कुपोषण, बाल मृत्यु दर, बाल कुपोषण, 'चाइल्ड वेस्टिंग' यानी बच्चे का अपनी उम्र के हिसाब से बहुत दुबला या कमजोर होना, पर भुखमरी का आकलन किया जाता है, वह दोषपूर्ण है। पांच साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे, जिनका वजन उनके कद के हिसाब से कम होता है, यह दर्शाता है कि उन बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिला, इस वजह से वे कमजोर हो गए। 'चाइल्ड स्टंटिंग' यानी ऐसे बच्चे, जिनका कद उनकी उम्र के लिहाज से कम हो। जिन बच्चों में लंबे समय तक पोषण की कमी होती है, उनमें 'स्टंटिंग' की समस्या देखी जाती है। वैश्विक भूख सूचकांक से ज्ञात होता है कि किसी देश में भुखमरी और कुपोषण की स्थिति क्या है। पिछले वर्ष यानी 2022 में 121 देशों की श्रेणी में भारत 107वें स्थान पर था, 2021 में 101वें और 2020 में 94वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में भूख का स्तर 28.7 अंक है, जो गंभीर स्थिति को व्यक्त करता है। 'चाइल्ड वेस्टिंग' की दर 18.7 फीसद है, जो अतिकुपोषण की संकेतक है।

सरकार का कहना है कि चार में से तीन संकेतक बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े हैं, जो पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। चौथा संकेतक समग्र आबादी में कुल कुपोषितों का अनुपात ज्ञात करना है, जिसे मात्र तीन हजार नमूनों के मत सर्वेक्षण से एकत्र किया गया है, इसलिए सरकार इन आंकड़ों को सही नहीं मान रही। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में अल्पपोषण की दर 16.6 फीसद और पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 फीसद है और 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में रक्त की कमी 58.1 फीसद है। अगर इन आंकड़ों को स्वीकार किया जाए, तो भारत की स्थिति वास्तव में बहुत दयनीय है।

दूसरी तरफ एक अन्य रिपोर्ट वैश्विक बहुस्तरीय गरीबी सूचकांक में संयुक्त राष्ट्र ने खुलासा किया है कि भारत में 2005-06 से 2019-21 के बीच में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में 2005-06 में लगभग 6.45 करोड़ लोग गरीबी में जीवन गुजार रहे थे, 2015-16 में यह संख्या घटकर लगभग 3.70 करोड़ और 2019-21 में 2.30 करोड़ रह गई। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि गरीबी के स्तर में पर्याप्त कमी आई है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत के सबसे गरीब राज्यों, जिनमें अधिकतर बच्चे और पिछड़ी जातियों के लोग शामिल हैं, में पर्याप्त सुधार हुआ है। इन दोनों रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि इनमें परस्पर विरोधाभासी हैं। सवाल है कि अगर गरीबी के स्तर में सुधार हुआ है, तो भुखमरी में भारत का स्थान इतना नीचे क्यों है? गरीबी कम हुई है तो भुखमरी भी कम होनी चाहिए थी, लेकिन दोनों रिपोर्ट परस्पर विरोधी आंकड़े प्रस्तुत करती हैं।

भारत में लगभग 65 फीसद आबादी ग्रामीण है और 54.6 फीसद कार्यबल कृषि संबंधी गतिविधियों में संलग्न है। यानी भारत में गरीबी और भुखमरी काफी हद तक कृषि पर निर्भर है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज भी भारतीय कृषि कम भू-स्वामित्व, मानसून पर निर्भरता, सिंचाई की परंपरागत तकनीक, वित्तीय सहायता की कमी और सरकारी पहल में सुस्ती जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करने को मजबूर है। इसके अलावा भारत में भूख की समस्या के लिए निर्धनता, बेरोजगारी, अशिक्षा, सामाजिक और लैंगिक असमानताएं, स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता की कमी भी जिम्मेदार हैं। निर्धनता और बेरोजगारी के कारण जनसंख्या का एक बड़ा भाग स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, स्वच्छता आदि पक्षों को गैर-आवश्यक मानकर उपेक्षित कर देता है। इसके साथ ही रोजगार की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकने वाले अस्थायी मजदूर ऐसे वातावरण में रहने को बाध्य होते हैं, जो स्वास्थ्य और स्वच्छता की दृष्टि से उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

प्रमुख समस्या खाद्य उत्पादन की कमी नहीं, बल्कि अनुचित या असमान वितरण प्रणाली की है, जिसके कारण प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा। एक अनुमान के अनुसार भारत का लगभग 40 फीसद भोजन बर्बाद हो जाता है, 30 फीसद सब्जियां और फल भंडारण के अभाव में बर्बाद हो जाते और सैकड़ों टन खाद्यान्न असुरक्षित गोदामों में सड़ जाता है। सतत विकास लक्ष्यों में से एक लक्ष्य वर्ष 2030 तक वैश्विक भूख को समाप्त करना भी है। पर इस रिपोर्ट को देखने के बाद क्या ऐसा लगता है कि 2030 तक इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

एक विरोधाभास यह भी है कि एक तरफ भोजन की कमी के कारण लोग मरने को मजबूर हैं, उन्हें अधिकांश समय एक बार का भोजन भी नसीब नहीं होता, तो दूसरी तरफ दिखावे की संस्कृति के कारण सैंकड़ों टन भोजन शाही तरीके से आयोजित आधुनिक विवाह समारोहों में जूठन के रूप में फेंक कर बर्बाद कर दिया जाता है। इस समस्या से निजात पाने के लिए सभी के लिए न्यूनतम वेतन/ मजदूरी निर्देशित रोजगार और सार्वभौमिक मूल वेतन एक पहल हो सकती है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मैं तुम्हें एक जंतर देता हूं, जब भी तुम्हें संदेह हो या तुम्हारा अहं तुम पर हावी होने लगे, तो इसे आजमाना। जो सबसे गरीब और कमजोर आदमी तुमने देखा हो उसकी शक्ल याद करो और अपने दिल से पूछो कि जो कदम उठाने का तुम विचार कर रहे हो, वह उस आदमी के लिए कितना उपयोगी होगा। क्या उससे उन करोड़ों लोगों को स्वराज मिल सकेगा, जिनके पेट भूखे हैं और आत्मा अतृप्त है? तब तुम देखोगे कि तुम्हारा संदेह मिट रहा है और अहं समाप्त हो रहा है। जाति और धर्म के नाम पर आरक्षण देने के स्थान पर गरीबी और भुखमरी को क्या आरक्षण का आधार नहीं बनाया जा सकता। इसलिए निर्धनता को असमानता की संरचना के साथ देखे जाने की जरूरत है। जैसे-जैसे निर्धनता का विस्तार होता है, स्तरीकरण और अधिक जटिल होता चला जाता है, जिससे आधारभूत परिवर्तन की प्रक्रिया में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। देश का डिजिटल होना जितना आवश्यक है, उससे कहीं ज्यादा आवश्यक है प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के भोजन प्राप्त करने का अधिकार मिलना।

---

राष्ट्रीय सहारा

***Date:27-10-23***

# बदलाव तथ्यपरक ही हों

**संपादकीय**

इंडिया' को 'भारत' बनाने की प्रक्रिया गति पकड़ रही है। यह बदलाव एनसीईआरटी की किताबों से किया जाना है। पाठ्यक्रम संशोधन समिति ने एकमत से इस परिवर्तन की हरी झंडी दे दी है। पहले, इसकी एक झलक नरेन्द्र मोदी सरकार ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान ही दे दी थी, जब राष्ट्रपति की तरफ से डिनर के न्योते में 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखा गया था। तभी विपक्षी 'इंडिया' ने इसके पीछे अपने गठबंधन के नाम का डर बताया था। ऐसा है भी वरना नौ साल बाद देश का नाम भारत करने की याद कैसे आई? अब अगर विपक्ष ने गठबंधन का नाम 'भारत' ही रख लिया तो फिर क्या इसे भी बदल देंगे? इसके लिए एक संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करना पड़ता है, जो संविधान संशोधन से शुरू होता है। इसके बिना जो कुछ किया जाएगा, वह सरकार का नर्वसनेस ही जाहिर करेगा। कहीं इंडिया और कहीं भारत कन्फ्यूजन बढ़ाएगा। एनसीईआरटी कमेटी के अध्यक्ष सी. आई. आइजक बताते हैं कि समिति ने 'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'क्लासिकल हिस्ट्री' शुरू करने, सभी विषयों के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली शुरू करने की सिफारिश की है। मंतव्य जाहिर है। सिलेबस में इतिहास-लेखन मुख्यतः वाम इतिहासकारों द्वारा किया गया है, वह भाजपा के लिए हमेशा से एक हांटिंग सब्जेक्ट रहा है। भाजपा इसे एकतरफा और राजनीतिक मकसद के लिए सत्य को दबाया गया मानती रही है। नहीं तो 'उन किताबों में 'मुगलों और सुल्तानों पर हमारी विजयों का उल्लेख क्यों नहीं है?' यह भी कि वामपंथी इतिहासकारों को यह इल्हाम कैसे हुआ कि गलत इतिहास पढ़ाने से कौमी एकता की बुनियाद पुख्ता हो जाएगी? कुछेक तटस्थ वामपंथी साहित्यकार एवं इतिहासकार भी इतिहास से छेड़छाड़ हुआ बताते हैं। ऐसे में उनकी गढ़ी गईं स्थापनाओं को गिरना ही था। पाकिस्तान में सजग पीढ़ी का इतिहास की किताबों के साथ किए जाने में सलूक से जाहिर होता है, जिसमें भारत को लेकर एकतरफा और वास्तविकता से परे तथ्य दिए गए हैं। भाजपा और उसकी सरकार के लिए यह अवसर कोर्स करेक्शन का है। इतिहास को भारत-केंद्रित दृष्टिकोण से देखने, लिखने-पढ़ने-पढ़ाने का है। किताबों में 'हिंदू विजय गाथाओं' पर जोर देने की यही वजह है। लेकिन ध्यान रहे, संशोधन अकाट्य तथ्यों पर टिके होने चाहिए चाहे वे अप्रिय क्यों न हों।

---

Live हिन्दुस्तान.com

*Date:27-10-23*

# अमेरिका पर दाग

**संपादकीय**

अमेरिका में घृणा-जनित संस्कृति का फिर दुखद और शर्मनाक इजहार हुआ है। अमेरिका में एक हत्यारे ने गोलियां बरसाकर करीब 20 लोगों को मौत की नींद सुला दिया और कई को जख्मी कर दिया। बताते हैं कि तीन जगहों पर गोलीबारी करने के बाद हत्यारा घटनास्थल से निकल भागा। पुलिस उसे खोजने में लग गई और लोगों को घर के अंदर

ही रहने की हिदायत जारी करनी पड़ी। अमेरिकी पुलिस इतनी लाचार हो गई कि उसे सहयोग के लिए आम लोगों से अपील करनी पड़ी। दरअसल, बंदूक की संस्कृति अमेरिका की एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कोई भी सामान्य सा दिखने वाला आदमी हथियार लेकर आता है और अनेक लोगों की जान ले लेता है। अमेरिका के मेन राज्य के लेविस्टन में हुए हादसे का सबसे खराब पहलू यह है कि अनेक लोगों को भगदड़ की वजह से चोट लगी है। नरसंहार के कथित आरोपी 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड को पुलिस ने हथियारबंद और खतरनाक व्यक्ति माना है, पर सवाल है कि क्या वह रातों-रात खतरनाक हुआ है? सूचना के अनुसार, हत्यारा रॉबर्ट कार्ड अमेरिकी सेना से जुड़ा है और आग्नेयास्त्र प्रशिक्षक है। उसके खिलाफ पहले भी कुछ शिकायतें मिली थीं। उसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या भी थी। क्या उसे गंभीरता से न लेते हुए नरसंहार का मौका दिया गया है?

इस नरसंहार ने अमेरिका को फिर झकझोर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मेन राज्य के राज्यपाल को हरसंभव संघीय मदद का आश्वासन दिया है। वाकई, अब समय आ गया है, जब अपने राज्यों के साथ मिलकर बाइडन सरकार को देश में बढ़ती घृणा का उपाय खोजना होगा। कुछ ही दिनों पहले अमेरिका में अपराध के आंकडे जारी हुए थे और हल्की खुशी महसूस की गई थी, मगर ताजा घटना ने उस खुशी को छीन लिया। अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, अमेरिका में हत्या के मामलों में 2021 की तुलना में 2022 में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। यह भी उम्मीद जताई गई थी कि चालू वर्ष में हिंसा में और कमी होगी, पर अमेरिका आज समीक्षा के लिए मजबूर है। कोरोना के पहले वर्ष 2020 में अमेरिका में हिंसा कम हुई थी, मगर उसके मुकाबले साल 2022 में हिंसा में 25 प्रतिशत की बढ़त ने एजेंसियों को चिंता में डाल दिया है। दरअसल, अमेरिका अपने यहां नफरत रोकने के अभियान में नाकाम हो रहा है। एफबीआई की वार्षिक अपराध रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बंदूक हिंसा बहुत व्यापक हो गई है। पिछले साल अमेरिका में लगभग पांच लाख हिंसक अपराधों में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 2020 में बंदूक हिंसा अमेरिकी बच्चों की मौत का मुख्य कारण बन गई और 2022 में हालात और बदतर हो गए। जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या 12 प्रतिशत बढ़ गई।

अमेरिका घृणा और बंदूक हिंसा के गढ़ के रूप में पहचान बना रहा है। किसी सिख या किसी मुस्लिम बच्चे की हत्या हो या किसी अश्वेत पर बर्बरता, अमेरिका की स्थिति निंदनीय होती जा रही है। वहां समाज के साथ ही, सरकारों को भी हिंसा की संस्कृति के अंत के लिए गंभीर प्रयास करने पड़ेंगे। अमेरिका को अपनी बिगड़ती छवि के प्रति सजग होना चाहिए। जहां दुनिया अमेरिकी संस्कृति का अनुसरण करती है, वहीं अमेरिका तमाम देशों की सामाजिक व मानवाधिकार रिपोर्ट जारी करता है। अमेरिका अगर अपनी कथनी-करनी का भेद मिटाने की ओर बढ़े, तो उसके साथ-साथ दुनिया को ज्यादा फायदा होगा।